C:\Users\R.M.L.A.U\Desktop\Dilip Singh.doc

डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय, अयोध्या (उ0प्र0)

Dr. RAMMANOHAR LOHIA AVADH UNIVERSITY, AYODHYA (U.P.)

पत्रांक / Ref : लो0अ0वि0 / गो0वि0 / 1832 / 2019 दिनांक / Dated: 14-08-2019

शीर्ष प्राथमिकता / समयबद्ध

सेवा में,

प्राचार्य / प्राचार्या,
तत्सम्बन्धी सम्बद्ध समस्त महाविद्यालय,
डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय
अयोध्या।

विषय : बी0एड0 द्वितीय वर्ष वर्ष–2019 की प्रायोगिक परीक्षा हेतु आन्तरिक परीक्षकों का नाम प्रस्तावित किये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय / महोदया,

कुलपति महोदय के निर्देशानुसार बी0एड0 द्वितीय वर्ष–2019 की परीक्षाऐं माह सितम्बर में सम्पन्न करायी जानी है। तत्क्रम में आपसे अनुरोध है कि जिन महाविद्यालयों ने अपने महाविद्यालय के बी0एड0 द्वितीय वर्ष की प्रायोगिक परीक्षा हेतु आन्तरिक परीक्षकों का नाम अभी तक प्रेषित नहीं किये हैं वे अपने महाविद्यालय के बी0एड0 विभाग में कार्यरत नियमित प्राध्यापक / अनुमोदित प्राध्यापक जिनका अनुभव 03 वर्ष हो चुका है, चक्रानुक्रम, वरिष्ठताक्रम में बी0एड0 द्वितीय वर्ष–2019 की प्रायोगिक परीक्षा हेतु आन्तरिक परीक्षक का नाम प्रस्तावित कर एक सप्ताह के अन्दर विशेष वाहक से शीघ्र इस कार्यालय को उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

नियमानुसार अनुमोदित प्राध्यापकों का अनुमोदन–पत्र, वेतन–विवरण, अद्यतन कार्यरत प्रमाण–पत्र, आधार कार्ड, तथा पैन कार्ड की प्रमाणित प्रति निश्चित रूप से पत्र के साथ संलग्न करने का कष्ट करें। अन्यथा की स्थिति में विश्वविद्यालय अपने स्तर से आन्तरिक परीक्षकों की नियुक्ति करने के लिए स्वतंत्र होगा।

भवदीय,

(उमानाथ)
परीक्षा नियंत्रक

14/8/19

प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थ प्रेषितः–

1. निजी सचिव, कुलपति / प्रति–कुलपति महोदय के सूचनार्थ।
2. वैयक्तिक सहायक कुलसचिव / वित्त अधिकारी महोदय को सूचनार्थ।
3. उप कुलसचिव / सहायक कुलसचिव (गोपनीय)।
4. प्रोग्रामर ई0डी0पी0 को इस आशय से प्रेषित कि उक्त पत्र को सम्बन्धित महाविद्यालयों के कालेज लॉगिन / विश्वविद्यालय वेबसाइट पर अपलोड करने का कष्ट करें।
5. पत्रावली।

परीक्षा नियंत्रक